प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 08.07.2025 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज ब्राजील की राजधानी ब्रासीलिया पंहुचे–राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय वार्ता करेंगें
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा–एक लाख 77 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से लोगों की स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बढीं
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा आज चूरू और बीकानेर में दीनदयाल अन्त्योदय संबल शिविरों का अवलोकन करेंगें
- प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में मॉनसून की सकियता अगले 5–6 दिन जारी रहने के आसार हैं

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ब्राजील की राजकीय यात्रा पर ब्रासीलिया पहुंच गए हैं प्रधानमंत्री दोनो देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को व्यापक बनाने पर ब्राजील के राष्ट्रपति लुईज इनासियो लूला दा सिल्वा के साथ द्विपक्षीय चर्चा करेंगें वार्ता में व्यापार, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, प्रौद्योगिकी, कृषि, स्वास्थ्य और लोगों के बीच संपर्क के मुद्दे भी शामिल होंगें इसके बाद प्रधानमंत्री नामीबिया के लिए रवाना होंगे, जो प्रधानमंत्री की पांच देशों की विदेश यात्रा का अंतिम चरण हैं इससे पहले कल उन्होंने रियो डी जेनेरियो में पर्यावरण, सीओपी 30 और वैश्विक स्वास्थ्य पर आयोजित ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को संबोधित कियां

00000

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि राष्ट्र सभी के लिए सुलभ, सस्ती और समान स्वास्थ्य सेवा के अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए तैयार हैं श्री नड्डा ने कहा कि एक लाख 77 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिर के माध्यम से लोगों की स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच बढ़ रही हैं ई–संजीवनी और टेलीमानस जैसे प्लेटफार्मो के जरिए विशेषज्ञ देखभाल तक समान पहुंच को बढ़ावा मिला हैं केंद्रीय मंत्री ने राष्ट्रीय दैनिक में एक लेख में कहा कि पिछले 11 वर्षों में भारत की स्वास्थ्य सेवा प्रणाली ने समान स्वास्थ्य देखभाल की नींव रखी हैं

0000

केन्द्रीय पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने कहा है कि पहलगाम आतंकी हमले के बाद कश्मीर में पर्यटन के फिर से पटरी पर आने के स्पष्ट संकेत मिल रहे हैं श्रीनगर में पयर्टन सचिवों के राष्ट्रीय सम्मेलन के बाद संवाददाताओं से बातचीत मे केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि केन्द्र के समर्थन से जम्मूकश्मीर सरकार यात्रियों और पर्यटन हितधारकों के बीच विश्वास बहाल करने में मदद कर रही हैं

0000

पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा है कि राज्य सरकार उद्योगों के विकास के लिए प्रतिबद्ध हैं सरकार निवेशकों को सब्सिडी, जमीन आवंटन और तकनीकी समस्याओं के समाधान के लिए हरसंभव सहायता दे रही हैं उन्होंने कल राइजिंग राजस्थान' के तहत निजी कंपनी द्वारा लगाये गये ग्लासवेयर के नए प्लांट के अवलोकन के दौरान ये बात कहीं उन्होने कहा कि इस प्लांट के लगने से स्थानीय स्तर पर उद्योगों का विकास होगा और रोजगार के नये अवसर उपलब्ध होंगें

00000

प्रदेश में दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय पखवाडे के तहत विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान किया जा रहा हैं मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा तथा अन्य मंत्री इन शिविरों का अवलोकन कर कार्यो की जानकारी ले रहे हैं इसी कडी मेंं मुख्यमंत्री आज चूरू के पट्टा सात्यू गांव में लगाये गये शिविर का जायजा लेंगें इस अवसर पर वे ग्रामीणों को संबोधित करेंगें मुख्यमंत्री इसके बाद बीकानेर जायेंगें इससे पहले कल श्री शर्मा ने कोटा के सांगोद में संबल पखवाडे के तहत आयोजित जनसभा को संबोधित कियां उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पशुधन विकास के माध्यम से किसानों को आत्मनिर्भर और सशक्त बना रही हैं

.....

0000

कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि उर्वरकों के असली या नकली होने की जांच वैज्ञानिक तकनीकों और उपकरणों से होनी चाहिएं उन्होंने कल नई दिल्ली में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की वार्षिक आम बैठक में ये बात कहीं श्री चौहान ने कहा कि अब से अनुसंधान केवल प्रयोगशाला से ही नहीं बल्कि किसान के खेत से भी होगां उन्होंने विश्वास जताया कि भारत को दुनिया का सबसे बड़ा खाद्यान्न उत्पादक बनने से कोई नहीं रोक सकता, क्योंकि देश में मेहनती किसान और उपजाऊ जमीन दोनों हैं

000000

किसान खरीफ फसल के लिये प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 31 जुलाई तक बीमा करवा सकते हैं राज्य सरकार ने खरीफ 2025 के लिये अधिसूचना जारी कर दी हैं जैसलमेर में फसलों के बीमा के लिये एग्रीकल्चर इश्यारेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड को अधिकृत किया गया हैं हमारे संवाददाता ने बताया कि जिले में बीमा के लिये कुल सात फसलों को अधिसूचित किया गया हैं

.....

0000

राज्य सरकार ने 300 हैक्टेयर से छोटे बांधों के संरक्षण और मरम्मत का काम जल संसाधन विभाग को सौंपा हैं पहले ये कार्य पंचायती राज संस्था की ओर से किये जाते थें इसी कडी में डीग में 34 बांध जल संसाधन विभाग को सौंपे गये हैं विभाग के सहायक अभियंता देवेन्द्र सिंह डांगी ने बताया कि इन बांधों का रखरखाव किया जायेगा, जिससे इनकी जल भराव क्षमता बढायी जा सकें इससे लोगों को सिंचाई का पर्याप्त पानी उपलब्ध होगां इधर बारिश से राज्य के विभिन्न जलस्त्रोतों और बांधों में पानी की अच्छी आवक हुई हैं पाली के सेई बांध के टनल गेट खोलकर पानी की निकासी की जा रही हैं

.....

000000

प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में मॉनसून की सकियता अगले 5–6 दिन जारी रहने के आसार हैं इससे जयपुर, भरतपुर, और कोटा संभाग में कहीं–कहींभारी बारिश हो सकती हैं मौसम विभाग ने कोटा और उदयपुर संभाग में कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश की संभावना व्यक्त की हैं आज जयपुर, दौसा, अजमेर, भीलवाडा, बीकानेर और नागौर जिलों तथा आस–पास के क्षेत्रों में बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया हैं इस दौरान अलग–अलग स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती हैं इस बीच पिछले 24 घंटों में प्रदेश में कहीं–कहीं हल्की से मध्यम बारिश हुई

000000